24.02.2025

परीक्षा नियंत्रक, सीबीएसई से प्रश्न-उत्तर

1	**मैं बारहवीं का छात्र हूं? क्या अब भी तैयारी करके अच्छे अंक प्राप्त किए जा सकते हैं? कार्तिकेय सिंह**	प्रिय कार्तिकेय, पहले तो आपको आपकी परीक्षा के लिए अत्यंत शुभकामनाएँ| देखिए “जब जागो तब सवेरा” का सिद्धांत आपके किसी भी कार्य को सफलता में परिवर्तित कर सकता है| आवश्यकता यह है कि अब शेष समय में आप केवल परीक्षा की तैयारी पर अपना ध्यान केन्द्रित करें, अपने मन को एकाग्र करते हुए परीक्षा की तैयारी करें| आप अवश्य ही सफल होंगे|
2	**किसी भी विषय के प्रश्न पत्र हल करने के लिए क्या रणनीति अपनानी चाहिए? अर्पित**	किसी भी परीक्षा में प्रश्न-पत्र हल करने की रणनीति वैसे तो अभ्यर्थी की अपने विषय की तैयारी व परीक्षा के समय पर अपनी बुद्धिमता के हिसाब से लिए गए निर्णय पर आधारित होती है अपितु, हमेशा उचित होगा कि परीक्षा से पूर्व विषय के सैंपल प्रश्न-पत्रों को देख कर अपनी परीक्षा हल करने की रणनीति बना लेनी चाहिए| मान लीजिये, परीक्षा प्रश्न पत्र 70 अंक का है और इसमें 35 प्रश्न पूछे गए है, तब इस हिसाब से प्रत्येक अंक के लिए लगभग 2 मिनट का समय निर्धारित करना चाहिए| यदि कोई प्रश्न 3 अंक का हो, तब उस प्रश्न को हल करने के लिए अधिकतम 6 मिनट का समय देना उचित है|उत्तम होगा यदि आप प्रश्नों के उत्तर क्रमवार दें| यदि किसी प्रश्न का उत्तर आपकों नहीं आता तब उस पर समय व्यर्थ करने से बचना बेहतर होगा| आप अगले प्रश्नों को हल करें| बाद में बचे समय में आप छोड़े गए प्रश्नों को हल करने का प्रयास कर सकते हैं| यहाँ यह भी जरुरी हैं कि आप अंत में अपने प्रश्नों को रिवाइज करनेकेलिए कुछ समय निर्धारित करें| सी.बी.एस.ई. की परीक्षा में छात्रों को प्रश्न-पत्र प्रारम्भ करने से पहले 15 मिनट का समय प्रश्न-पत्र पढ़ने, समझने व प्रश्न-पत्र हल करने की रणनीति बनाने के लिए दिए जाते हैं, इस समय का सदुपयोग करना चाहिए|

3	**क्या बोर्ड किसी विषय में नेगेटिव मार्किंग भी करता है? अराधना**	चूंकि बोर्ड की परीक्षा छात्र की उसके द्वारा वर्ष – भर में अर्जित ज्ञान का मापन हैं अतः बोर्ड की परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग का प्रावधान नहीं होता | छात्र को अंक केवल सही सूचना/जानकारी, जिन्हें हम मूल बिंदु कहते हैं, पर ही दिए जाते हैं| नेगेटिव मार्किंग उन परीक्षाओं में होती है जहाँ पर सबसे उत्तम अभ्यर्थी को चुनना होता है| तभी गलती पर अंक काटे जाते है |
4	**मैंने दसवीं के अंग्रेजी पेपर में ज्यादा लंबे प्रश्न लिख दिए हैं। ऐसा आगे ना हो इसके लिए क्या करूं, जिससे अन्य प्रश्नों के लिए पर्याप्त समय बच जाए? शक्ति कुमार**	प्रिय शक्ति, यह अच्छी बात है कि तुम्हें अपनी गलती समझ में आ गई है। अब अगली परीक्षा के लिए निम्नलिखित सुझाव हैं:- 1. जिस विषय की परीक्षा अगली बार आयोजित की जाएगी, उसके पाठ्यक्रम और नमूना प्रश्नपत्रों की जाँच करें। 2. प्रश्न के लिए निर्धारित अंकों के आधार पर प्रत्येक प्रश्न के लिए कितना समय दिया जाए, यह तय करें। 3. परीक्षा में, प्रश्नपत्र को समझने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है उसका उपयोग करते हुए अपने मन में योजना बनाएँ कि आप उत्तर कैसे लिखना शुरू करेंगे। 4. प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल निर्धारित समय ही दें। 5. सुंदर ढंग से लिखने का प्रयास करें। 6. अपने उत्तरों में मूल्य बिंदु लिखें। 7. शांत और स्थिर रहें। 8. प्रश्नपत्र पूरा करने के बाद उसे दोहराएँ और यदि आवश्यक हो तो सुधार करें।